एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सड़क 2 के जरिए पिता के नजदीक महसूस कर रही हूं: आलिया भट्ट

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस आलिया भट्ट लगातार फिल्मों में एक से बढ़कर एक परफॉर्मेंस दे रही हैं। हाल में आलिया का पहला म्यूजिक विडियो प्राडा भी रिलीज किया गया जिसे फैन्स ने काफी पसंद किया है। इस सॉन्ग के प्रमोशन के दौरान आलिया ने अपनी आने वाली फिल्में सडक 2, इंशाअल्लाह और ब्रह्मास्त्र के बारे में भी बात की।

आलिया ने अपने पिता महेश भट्ट के डायरेक्शन में बन रही फिल्म सड़क 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। अपने पिता के साथ काम करने के बारे में पूछे जाने पर आलिया ने कहा, मेरे मन में बहुत सारी फीलिंग्स आती हैं। लेकिन सही मायने में यह केवल शूटिंग करने से ज्यादा है क्योंकि इसके जरिए मैं खुद को अपने पिता के और नजदीक महसूस कर पा रही हूं।

सलमान खान के साथ इंशाअल्लाह की शूटिंग किए जाने को लेकर जब आलिया से पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं। उम्मीद है कि मैं बेहतर काम करूंगी और मैं खूब मेहनत करने के लिए तैयार हूं। मैं केवल फिल्म से कनेक्ट हो जाना चाहती हूं।

अपने बॉयफ्रेंड रणबीर कपूर के साथ आ रही फिल्म ब्रह्मास्त्र के बारे में उन्होंने कहा, यह एक तीन पार्ट्स का हिस्सा है और इसके लिए पूरा प्लान है लेकिन हम बहुत सावधानी से आगे बढ़ रहे हैं और पहला पार्ट पेश कर रहे हैं। मुझे लगता है कि ब्रह्मास्त्र के बारे में बात करने में काफी समय लगेगा। लेकिन कम शब्दों में कहूं तो यह किसी जादू से कम नहीं है।

नुपूर सैनन के साथ दिखाई देंगे अक्षय कुमार?

बॉलिवुड ऐक्टरअक्षय कुमार की फिल्म मिशन मंगल रिलीज हो चुकी है और इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

इस मल्टी-स्टारर फिल्म में अक्षय के साथ विद्या बालन, तापसी पन्नू, सोनाक्षी सिन्हा, कीर्ति कुल्हारी, नित्या मेनन और शरमन जोशी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म के प्रमोशन के लिए हाल में अक्षय कुमार दिल्ली पहुंचे और इसी बीच उन्होंने एक विडियो शूट के लिए भी टाइम निकाल लिया।

बताया जा रहा है कि यह स्पेशल म्यूजिक विडियो सिंगर बी प्राक के नए गाने का है जिसे जानी ने लिखा है। माना जा रहा है कि इस गाने की थीम कुछ सैड और रोमांटिक होगी। इससे पहले बी प्राक ने अक्षय की होम प्रॉडक्शन फिल्म केसरी के लिए गाना तेरी मिट्टी भी गया था। यह गाना काफी हिट रहा था और इसी गाने से बी प्राक ने बॉलिवुड में डेब्यू किया था।

जल्द रिलीज होने वाले इस गाने में ऐक्ट्रेस कृति सैनन की बहन नुपूर सैनन भी दिखाई देंगी जो जल्द ही बॉलिवुड डेब्यू कर सकती हैं। वैसे नुपूर ही नहीं उनकी बड़ी बहन कृति भी अक्षय के साथ फिल्म हाउसफुल 4 में दिखाई देंगी जो इस साल दिवाली पर रिलीज होगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि अक्षय के साथ नुपूर इस गाने में कैसी दिखती हैं।

अनुष्का शर्मा ने शेयर किया बिकीनी फोटो

बीटाउन ऐक्ट्रेस अनुष्का शर्मा अपने ग्लैमरस अंदाज के लिए जानी जाती हैं। सोशल मीडिया पर शेयर होने वाले फोटोज को हमेशा उनके फैन्स का शानदार रिस्पॉन्स मिलता है। हालांकि, इस बार उन्होंने जो तस्वीर शेयर की उसे देख यूजर्स ने तारीफ करने की जगह उनका मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। अनुष्का ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक फोटो शेयर किया है, जिसमें वह ऑरेंज और वाइट कॉम्बिनेशन की बिकीनी पहन बीच पर बैठी नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, सन किस्ड ऐंड ब्लेस्ड। विराट कोहली को भी अपनी पत्नी की यह तस्वीर काफी पसंद आई। उन्होंने अपने इमोशन्स जाहिर करने के लिए हार्ट इमोजीज का सहारा लिया। इस कॉमेंट को भी कई लोगों ने लाइक किया। हालांकि, सभी को यह फोटो पसंद नहीं आया। कुछ लोग अनुष्का के बिकीनी लुक को लेकर कॉमेंट कर तो कुछ ने मीम्स का जरिया अपनाते हुए उन्हें ट्रोल किया।